# वार्षिक प्रगति रिपोर्ट

## अप्रैल 2019 से मार्च 2020

## राजसमन्द जन विकास संस्थान










संपर्क:

राजसमन्द जन विकास संस्थान ,महिला विकास केंद्र, नाथद्वारा रोड, सोमनाथ चौराहा

कांकरोली - 313342, जिला राजसमन्द, (राजस्थान) , भारत

e-mail : rjvs10@yahoo.in, Telephone - Landline +91- (2952)221909

Website : www.rjvs.in, twitter - https://twitter.com/_rjvs

Facebook: https://www.facebook.com/rajsamandjan.vikassansthan.5

instagram :- https://www.instagram.com/rajsamandjanvikassanthan

# अनुक्रमाणिका


| क्रम संख्या | | पेज संख्या |
|---|---|---|
| 1 | संस्थान परिचय | 03 - 04 |
| 2 | महिला मंच का परिचय | 03 - 04 |
| 3 | जागृति परियोजना | 05 - 15 |
| 4 | गर्ल्स नोट ब्राइड | 16 - 17 |
| 5 | महिला सलाह एवं सुरक्षा केंद्र | 18 |
| 6 | महिला मंच द्वारा संचालित कार्यक्रम<br>**नारी अदालत** | 19 - 29 |
| 7 | नेट्वर्किंग | 29 - 31 |
| 8 | सरकारी योजनाओं से फायदा | 32 - 36 |

# राजसमन्द जन विकास संस्थान

## परिचय

राजसमन्द जन विकास संस्थान की स्थापना राजसमन्द जिले में वर्ष **2003** में की गई | संस्था समाज में महिलाओ के साथ हो रही असमानता और भेदभाव को दूर करने एवं मुख्य रूप से पिछड़े व् गरीब वर्ग की महिलाओं पर जाति , वर्ग और लिंग के आधार पर हो रहे अत्याचारों से निजात दिलवाने के लिए कड़ा संघर्ष कर रहीं है और समाज में उन्हें सम्मान के साथ बराबरी का दर्जा दिलवाने का प्रयास कर रही है | विकास में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए उन की समस्याओं के समाधान के लिए जनमत बनाकर जिला स्तर पर **1998** से महिला मंच संगठन काभी गठन किया गया था |जिससे क्षैत्र में महिलाओं के पक्ष में आवाज बुलंद हुई है | सरकार द्वारा संगठन को जमीन देकर तथा जापान द्वारा फण्ड देकर वर्ष **2015** में महिला प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की गई | आज इसी केंद्र में संस्थान द्वारा कई परियोजए संचालित की जा रही है जिनके द्वारा जिले , राज्य व् राष्ट्रिय में महिला हक़ के मुद्दों पर कार्य किया जा रहा है |ताकि वो जागरूक होकर समानता ,सम्मान व न्याय के लिए आवाज उठा सके |

## संस्था के उद्देश्य

- विकास की प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी बढाना |
- महिला हिंसा को दूर करने हेतु जनाधार तैयार करना |
- जिले व् राज्य में गरीब ,शोषित ,पीड़ित एवं वंचित महिलओं और युवाओं को न्याय ,सम्मान ,एवं समानता का अधिकार दिलवाना |
- जिले में महिलाओं की सामाजिक , आर्थिक , शैक्षणिक व् राजनैतिक स्थिती को बेहतर बनाना |
- विकास की प्रक्रिया में महिलाओं और युवाओं की भागीदारी बढ़ाना और महिला हिंसा को दूर करना |
- गाँव , तहसील और जिला स्तर पर महिलाओं और युवाओं को संगठित कर शक्तिशाली बनाना |
- महिला हिंसा के वास्तविक कारण जैसे - बाल - विवाह , नाथा प्रथा, दहेज़ प्रथा , डायन प्रथा अशिक्षा और अन्य सामाजिक कुरूतियों को ख़त्म करने के लिए जानकारी प्रदान करना है |
- गरीब महिलओं और युवाओं के आर्थिक विकास व् आय संवर्धन के लिए के लिए कार्यक्रम चला कर उन्हें सशक्त करना है |
- महिलाओं के हक़ एवं अधिकारो से जुड़े मुद्दों पर नीतिगत बदलाव की प्रक्रियां के लिए अभियान चलाना |
- राष्ट्रीय व् राज्य महिला आयोग ,सरकारी व् गैर सरकारी विभागों से तालमेल बिठाकर गरीब महिलाओं के आर्थिक व् सामाजिक विकास पर कार्य करना |

## राजसमन्द महिला मंच

**परिचय**

राजसमन्द जिले में राजसमन्द महिला मंच महिलाओं का एक बड़ा संगठन है जिसकी स्थापना वर्ष 1998 में राजसमन्द जिले में की गई | इससे पहले जिले में ऐसा कोई संस्थान नहीं थी जो की महिलाओं के मुद्दों पर काम कर रहा हो | शुरुआत जिले के एक ब्लॉक से की गई , धीरे - धीरे इसमें महिलाये जुड़ने लगी और अपने हक़ व् अधिकारों पर चर्चाए करने लगी | ये वो समय था जब महिलाये अपनी पीड़ा , समस्या , समाधान के लिए घर से बाहर नहीं निकल सकती थी और तब न ही गाँव से तहसील या जिले तक आने के उपयुक्त संसाधन थे तब राजसमन्द महिला मंच अँधेरे में एक दीए के समान था | जिसकी रोशनी में उन्हें घर से बाहर निकलने के लिए हिम्मत प्रदान की और अपनी जैसी अनेक महिलाओ के साथ जुड़ कर उन महिलाओं में हिम्मत और आत्मविश्वास आया | इस तरह एक के बाद एक अन्य सभी तहसील की महिलाये संगठन के साथ जुड़ने लगी | अब ये संगठन जिले में एक मजबूत संगठन है और इसमें हजारों महिलाए जुड़ रही है | वर्तमान में संगठन की कुल सदस्य संख्या :- **8236**

**संगठन के उद्देश्य**

- महिलाओं के लिए भागीदारी न्याय सम्मान व् समानतायुक्त समाज का निर्माण करना |
- समाज में समानता के लिए उपयुक्त वातावरण का निर्माण करना |
- महिलाओं की सामाजिक व् आर्थिक स्थिति में परिवर्तन लाना |
- महिलाओं को जागरूक करना जिससे वे ताकत को समझे |
- महिलाओं की संगठनात्मक ताकत बनाना |
- महिला समस्या समाधान के लिए जिला स्तरीय मंच प्रदान करना |
- महिलाओं के हक़ और अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर नीतिगत बदलाव की प्रक्रिया के लिए अभियान चलाना |
- राष्ट्रिय व् राज्य महिला आयोग ,सरकार व् गैर सरकारी विभागों से तालमेल बिठाकर गरीब महिलाओं के आर्थिक व् सामाजिक विकास पर कार्य करना |

### राजसमन्द जन विकास संस्थान द्वारा संचालित परियोजनाए :-

**1. जागृति परियोजना (AJWS ) :-**के सहयोग से सन 2015 से बाल – विवाह व् जबरन विवाहों की संख्या कमी लाने ,किशोर ,किशोरियों को सशक्त करना और शिक्षा के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है |

**2. गर्ल्स नोट ब्राइड ( GNB ) :-**यह अंतरराष्ट्रीय स्तर की संस्थान है वर्ष 2017 से | हमारी संस्थान गर्ल्स नोट ब्राइड के साथ जुड़कर बाल –विवाहो की संख्या में कमी करने के लिए समुदाय व् किशोर - किशोरियों को जागरूक करने का कार्य कर रही है |

**3. महिला सलाह एवं सुरक्षा केंद्र (MSSK) :-** राजसमन्द जन विकास संस्थान राज्यमहिला अधिकारिकता विभाग ( राजस्थान सरकार ) के सहयोग से जिला स्तर पर हिंसा से पीड़ित महिलाओ को राहत पहुचने का कार्य वर्ष 2015 से संचालित कर रही है|

4. **राजसमन्द महिला मंच ( सहयोगी संगठन ) :-** महिला मंच संगठन 1998 से महिलाओं के मुद्दों पर सरकार के साथ पैरवी करके महिला सशक्तिकरण का कार्य **कर रही है |**

## जाग्रति परियोजना

**AMERICAN JEWISH WORLD SERVICE (ajws)** के सहयोग से राजसमन्द जन विकास संस्थान द्वारा वर्ष 2015 से राजसमन्द जिले के **80 गाँवो** में जबरन व् बाल - विवाह रोकथाम के लिए कार्य किया जा रहा है | इस वर्ष परियोजना राजसमन्द जिले के खमनोर ,रेलमगरा, राजसमन्द ब्लॉक के **15** ग्राम पंचायत व् अन्य 15 पंचायतो के **30** गाँवों में संचालित की जा रही है और पूर्व में यह 50 गाँवो में संचालित की गई थी | और इसके तहत किशोरी बालक एवं बालिकाओ का विभिन्न प्रशिक्षण एवं कार्यक्रमों के द्वारा सशक्तिकरण किया जा रहा है जैसे - क्षमतावर्धन प्रशिक्षण , आत्मसुरक्षा प्रशिक्षण , आजीविका प्रशिक्षण , लिंग असमानता और लिंग सवेदनशीलता पर कार्यशाला , महिला स्वास्थ्य पिता - पुत्री संवाद कार्यक्रम आदि । जिससे कि वो अपनी ज़िंदगी के महत्वपूर्ण निर्णय जैसे की शिक्षा , विवाह एव रोज़गार पर खुद के चुनाव एवं निर्णय ले सके एवं खुशहाल ज़िंदगी जी सके ।

### परियोजना के उद्देश्य

- किशोर - किशोरियों को सशक्त करना |
- निर्णय लेने की क्षमता को विकसित करना।
- जल्द एवं बाल विवाहो की संख्या में कमी लाना |
- युवा पीढ़ी और होने वाली संतानो के स्वास्थय में सुधार लाना।
- इच्छा अनुसार शिक्षा प्राप्त करना|
- सपने देखने व् उनको पूरा करना
- महिलाओं / पुरुषो को सवेदनशील बनाना ताकि वो अपनी बालिकाओं के निर्णय में सहयोग कर सके |

## बदलाव की कहानी किशोरियों की जुबानी

जाग्रति परियोजना में किशोरियों के साथ काम करने के बाद आये बदलावों की कुछ झलकियाँ



सुशीला गमेती ने बताया की संस्था से जुड़ने के बाद 3 वर्ष पूर्व अपनी पढाई पुन प्रारम्भ की है |मैं किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं सहूंगी तथा मैं अपने हको एवं अधिकारों के लिए लडूंगी |



ममता गमेती ने बताया की मेरी सगाई बचपन में कर दी गई थी संस्था से जुड़ने के बाद में अभी 10 वीं कक्षा में पढाई कर रही हूँ | मेने अपने माता पिता को समझाया और उन्होंने मेरी सगाई तोड़ दी |



पूनम सेन :- मेरी सोचने समझाने की क्षमता में बदलाव आया है , और मेने स्वयं का बाल – विवाह रोका है तथा अभी में B.ED कर रही हू और में अध्यापिका बनना चाहती हूँ |



पूजा गमेती :- में खुलकर अपनी बात सभी के सामने रख पाती हूँ व् मेने अपनी पढाई सुचारू रूप से जारी रखी है |



**कहानी-2 : लड़कियों की टीम, गांव वाले इनसे सरकारी योजनाओं की जानकारी लेने आते हैं**

उलपुरा के पास सरदारपुरा की रहने वाली 21 साल की पूजा मेघवाल पूरे गांव वालों के लिए मिसाल बन गई हैं। कक्षा 9 में फेल होने के बाद भी पढ़ाई कर खुद को आत्मनिर्भर बनाना चाहती थी। इसीलिए इसने अपनी जिंदगी में बदलने के लिए सबसे पहले दसवीं ओपन परीक्षा देकर पास कर ली। इसके बाद मेट बनने का प्रशिक्षण लिया और नरेगा में मेट बन गई। महिला मंच संगठन से जुड़कर खुद को मजबूत बनाया। पूजा ने अपने गांव की सहेलियों सीमा, कमला, हेमा, यशोदा के साथ अपनी एक टीम बना दी। ये सहेलियां भी पूजा की तरह ही बहादुर है। डरती नहीं है। यह टीम आसपास के गांवों में महिलाओं और युवतियों को सरकारी योजनाओं का फायदा लेने के लिए जागरूक कर रही हैं।

## गतिविधि विवरण

**महिला बैठक**



**महिला बैठकों की संख्या :- 149**
**महिला सहभागी संख्या 3421**

**किशोरी बैठक**



**किशोरी बैठककी संख्या :- 182**
**सहभागी किशोरियों की संख्या 2447**

## बाल - वधुओं के साथ पांच गाँवो में एक दिवसीय महिला स्वास्थ्य कार्यशाला

जागृति परियोजना के अंतर्गत जिले के गारियावास,कलामाना कुरज ,तेजपूरा व् मोडवा पाँच गाँवो की **16 से 25** वर्ष की बाल - वधुओ के साथ एक - एक दिवसीय **"महिला स्वास्थ्य** "पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे कुल **60 बाल** वधुओ और 50 महिलाओं ने भाग लिया |



**A.N.M व आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता व् आशा सहयोगिनी द्वारा स्वास्थ्य पर चर्चा करते हुए |**

**उद्देश्य -**

I. युवा बाल वधुओ को स्वास्थ्य के प्रति जानकारी एवं जागरूक करना |
II. बाल -विवाह कानून एवं बाल -विवाह से होने वाले जीवन पर प्रभावों की जानकारी बढ़ाना |
III. युवावधुओ के अपने जीवन के अनुभव साझा करना |
IV. कम उम्र में होने वाले बच्चों के खान - पान के लिए जानकारी देना |
V. रोगों की जानकारी देकर उनको जागरूक करना |

## राष्ट्रिय बालिका दिवस

जाग्रति परियोजना के अंतर्गत कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय नेडच में राष्ट्रिय बालिका दिवस मनाया गया जिसमें **120 सहभागियों** द्वारा भाग लिया गया



**राष्ट्रिय बालिका दिवस पर बालिकाओं को केक खिलाते हए |**

## बाल - विवाह रोको जागरूकता अभियान

बाल - विवाह रोको जागरूकता अभियान मनाया गया इसके अंतर्गत गाँव अड़किया में रेली निकल कर लोगो को जागरूक किया गया इसमें रेली में कुल 250 लोगो द्वारा भाग लिया गया |



**रेली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते हुए**

**विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव नरेन्द्र कुमार जी**

## दो दिवसीय आवासीय महिला नेतृत्वकर्ता प्रशिक्षण



**जाग्रति परियोजना में 40 महिलाओं को दो दिवसीय आवासीय महिला नेतृत्वकर्ता प्रशिक्षण में महिलाओं सम्बंधित कानूनों की जानकारी देते हुए विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव नरेन्द्रकुमार**

## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर



अमलोई गाँव में **365 बालिकाओं की स्वास्थ्य जाँच करते हुए डॉ.विजय कुमार खिलनानी**

# ग्रामोत्सव

जागृति परियोजना के अंतर्गत राजसमन्द जिले के रेलमंगरा , खमनोर ,व् राजसमन्द ब्लॉक **के** पांच गाँव जिसमें डिंगेला ,गुंजोल ,अड़किया ,सरदारपुरा ,राज्यवास ,गाँवो के अंतर्गत ग्रामोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया | इस कार्यशाला के अंतर्गत महिला ,पुरुष ,किशोर ,किशोरियों सहित 850 लोगों द्वारा भाग लिया गया |

**ग्रामो उत्सव के परिणाम / उपलब्धी**

**प्रभाव :- खमनोर ब्लॉक के सरदारपुरा गाँव में पानी व् सडक की समस्या के लिए परियोजना की कार्यकार्ता व् गाँव की महिला तथा बालिका द्वारा सरपंच को ज्ञापन दिया गया | और समस्या के समाधान के लिए सरपंच द्वारा गाँव में पानी की टंकी बनाकर नल के माध्यम से घर - घर तक पानी पहुचाय गया**

**प्रभाव :-** ब्लॉक राजसमन्द के अडकिया गाँव के लोग **पीने के पानी के लिए हैण्डपम्प** के पानी का उपयोग करते थे लेकिन हैण्डपम्प ख़राब हो गया **और सरपंच ने हेण्डपम्प सही करवा दिया | पीने के पानी की समस्या का समाधान हो गया |**

 

**गाँव की समस्याओं के समाधान के लिए पंचायत में ज्ञापन देती हुई महिलाए और किशोरी बालिकाएं**

**प्रभाव :-** ब्लॉक खमनोर के डिंगेला गाँव के ग्रामवासी कुए के पानी का उपयोग करते थे, लेकिन कुए के वहां मोटर व् इंजन की कोई व्यवस्था नहीं थी न ही वहा बिजली की कोई व्यवस्था थी उप सरपंच जगदीश सिंह ने पानी के टैकर गाँव में चालू करवाये तथा कुछ दिनों में ही गाँव में पानी व् बिजली की समस्या समाप्त हो गई उसके लिए पंचायत के उपसरपंच मोहदय धन्यवाद के पात्र है |

- **लोगो को अपने हक़ एवं अधिकार के बारे में जानकारी प्राप्त हुई |**
- **समस्या का किस तरह से समाधान कर सकते है उसकी जानकारी प्राप्त हुई |**
- **समस्या समाधान के तरीखे उनको पता चले |**

## दो दिवसीय महिला नेतृत्वकर्ता प्रशिक्षण

जागृति परियोजना के नए **महिलाओं** नेतृत्वकर्ता **का दो दिवसीय आवासीय महिला नेतृत्वकर्ता प्रशिक्षण** का आयोजन किया गया | जिसमें राजसमन्द जिले के पांच ब्लॉक से **40 नेतृत्वकर्ता द्वारा भाग लिया गया | कार्यशाला में सन्दर्भ व्यक्ति के रूप निम्न व्यक्तियों द्वारा भाग लिया गया |**
**पुष्पा सेन द्वारा स्वास्थ्य एवं महावारी पर महिलाओं को जानकारी दी गई ,**
**महेशचन्द्र बागरवाल जी ने नरेगा से जुडी योजनाओ पर सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की गई |**
**विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव नरेंद्र कुमार जी ने विधिक सेवा तथा महिलाओं से सम्बंधित कानूनों के बारे में जानकारी दी गई |**



**महिलाओं संबधित कानूनो की जानकारी देते हुए विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव नरेंद्रकुमार**

## आमुखीकरण बैठक

राजसमन्द जिले के रेलमंगरा व् खमनोर ब्लॉक की पिपली आचार्य तथा बागोल पंचायतो में जिले में विधानसभा क्षेत्र में चुनाव होने वाले थे तथा जनता की मांगे सरपंच उम्म्द्वारो के सामने रखने के लिए आमुखीकरण बैठकों का आयोजन किया गया | कार्यक्रम में **कुल 289 लोग** द्वारा भाग लिया गया था जिसमें महिला **80पुरुष 135 किशोर 48 किशोरीया 26** द्वारा भाग लिया गया |



मतदाताओं ने बताईं समस्याएं, प्रत्याशियों ने निदान का भरोसा दिलाया



उदयपुर, सोमवार, 13 जनवरी 2020 7

मतदाताओं की समस्याओं के समाधान के लिए आमने-सामने कार्यक्रम

. **प्रेस विज्ञप्ति** **प्रेस विज्ञप्ति**

**लोगों द्वारा बताई गई समस्याओं का समाधान हुआ |**

# युवा महोत्सव

जाग्रति परियोजना के तहत सौमनाथ चौरहा,कांकरोली में वार्षिक युवा महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें राजसमन्द जिले सभी ब्लॉक से कुल **180** किशोरी मंच के सदस्यों द्वारा भाग लिया गया |



**युवा महोत्सव में अपना योगदान करती हुई बालिकाएं |**



**मिनल जी द्वारा :- किशोरी बालिकाओं को उत्साहित देखकर ख़ुशी व्यक्त की और आगे बढ़कर शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रोत्साहित किया |**

युवा महोत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधिक सेवा प्राधिकरण के न्यायधीश श्री नरेंद्र कुमार तथा विशिष्ट अतिथि **के रूप में मीनल “मै कुछ भी कर सकती हूँ “ दूरदर्शन धारावाहिक** की कलाकार ने मंच की सोभा बढाई |

**गर्ल्स नॉट ब्राइड संस्था**

**25 नवम्बर से 10 दिसम्बर 2018 तक 16 दिवसीय अभियान**

गर्ल्स नॉट ब्राइड ,संस्था संगठन के सयुक्त तत्वाधान में 16 दिवसीय अभियान मनाया गया जिसमे राजसमन्द जिले के 50 गाँवो व् विभिन्न विद्यालयों में यह अभियान अंतराष्ट्रीय महिला हिंसा निवारण दिवस ,संविधान दिवस ,बाल - विवाह निषेध दिवस ,महिला अधिकारिकता दिवस ,कोमी एकता दिवस ,महिला एकता दिवस एड्स दिवस ,महिला स्वास्थ्य दिवस ,बेटी बचाओं दिवस , अलग - अलग दिवस के रूप में मनाया गया |






जेंडर समानता पर खेल प्रतियोगिता का आयोजनबाल - विवाह निषेध दिवस




राजसमंद (कार्यालय संवाददाता)। जन विकास संस्थान महिला मंच द्वारा शुक्रवार को राजसमन्द ब्लॉक के लालपुर गांव में रा.उ.प्रा.विद्यालय में कौमी एकता दिवस मनाया गया। जिसमें पोस्टर और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 40 किशोर-किशोरियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में मैं चाहती हूं बाल विवाह से आजादी, मुझे मेन नहीं पेन चाहिए, हस्ताक्षर अभियान का आयोजन कर शपथ ली गई। जिसमें बाल विवाह ना करेंगे और ना होने देंगे तथा लड़कियो ने कहा की हम मिल जुल कर अपनी समस्या को दूर करेंगे।

एकता से हमारा अस्तित्व कायम रहता है। और विभाजन से हमारा पतन होता है। महिला मित्र ललिता शर्मा और अध्यापक लोकेश लोहार द्वारा किशोर किशोरियो को परस्कार वितरण किये गये।

## महिला स्वास्थ्य दिवस पर महिलाओं को दी स्वास्थ्य की जानकारी



राजसमंद। गर्ल्स नोट ब्राइड के सहयोग से जन विकास संस्थान महिला मंच की ओर से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पीपली भित बस्ती में महिला स्वास्थ्य दिवस मनाया। जिसका उद्देश्य महिला को उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी देना और मासिक चक्र में रखने वाली सावधानियों के बारे में बताया गया। इस मौके पर किशोर-किशोरियों के साथ जैंडर उम्र के साथ आने वाले परिवर्तन और जीवन में उनके उद्देश्य पर चर्चा की गई। महिलाओं के साथ आगनवाड़ी के आशा तथा महिला मित्र द्वारा गर्भावस्था में खाने-पीने व शिशुओं को कितने समय खाना खिलाना चाहिए और किया किया खिलाना चाहिए उसकी जानकारी दी गई। इस अवसर पर राजसमन्द जन विकास संस्थान से जमना चौहान, महिला महिला मित्र ललिता शर्मा व प्रिंसिपल की ओर से किशोर किशोरियो को पुरस्कार वितरण किया गया।

अभियान विभिन्न विद्यालयों में मनाया गया उसमें विभिन्न प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया

- 404 किशोर ,392 किशोरियां ,महिला 121 पुरुष 20 को विभिन्न प्रकार की जानकारी देकर जागरूक किया गया |

## “महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र “ महिला थाना कांकरोली ( राजसमन्द )




**परिचय**

इसका उद्देश्य हिंसा से पीड़ित महिलाओ एवं बालिकाओं को सबल करना राजसमन्द जन विकास संस्थान द्वारा **महिला थाना कांकरोली (राजसमन्द ) में** आयोजित किया गया है इस परियोजना के अंतर्गत महिलाओ के साथ होने वाली हिंसा, प्रताड़ना , उत्पीडन से ग्रस्त महिलाओ एवं बलिकाओं को संबल प्रदान करना ,जिससे कि वे अपने अधिकारों व् हिंसा के खिलाफ अपनी आवाज उठा सके उसके साथ ही साथ महिलाओं के साथ होने वाली प्रताड़ना को समाप्त करना और महिलाओं को अपनी स्वयं की शक्ति का अहसास करवाना |

**उद्देश्य**

- महिलाओ के साथ हो रही ( आर्थिक , शारीरिक , मानसिक , यौनिक ) हिंसा के निवारण में उचित सहयोग व् मार्गदर्शन व् कार्यवाही करना |
- महिलाओं को अपने अधिकारों की जानकरी देना व् अधिकार दिलाना |

  **गतिविधि**

**नवंबर 2015 से मार्च 2020 तक आये केसों का वर्गीकरण**

**रजिस्ट्रेशन केसों की संख्या :- 1110 निस्तारणकेसों की संख्या :- 1087 प्रक्रियांकेसों की संख्या :- 23**

## महिला मंच संगठन द्वारा आयोजित किए गये कार्यक्रम

1. नारी अदालत
2. मतदाता जागरूकता रेली
3. जन सरोकार अभियान
4. महिला हिंसा के खिलाफ रेली
5. निशुल्क फिजियोथेरपी परामर्श शिविर
6. महिला हिंसा के खिलाफ संगोष्टी सभा
7. बजट बैठक
8. अंतराष्ट्रीय महिला दिवस

## नारी अदालत

नारी अदालत महिला मंच का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जिसे संगठन की SC,ST,OBC , GNE अल्पसंख्यक समुदायों कि सक्रीय ,सशक्त और नेतृत्वकर्ता ग्रामीण महिलाओं के द्वारा चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत महिलाओ के ऊपर हो रही किसी भी प्रकार की हिंसा से उनको मुक्ति दिलवाने के लिए दोनों पक्षों से वार्ता की जाती है और दोनों पक्षों में परामर्श कर केंद्र पर आई हिंसा से पीड़ित महिलाओ को राहत दी जाती है |




**नारी अदालत में परामर्श देते हुए |**



**नारी अदालत की बहनों द्वारा पीडिता को सरपंच के सहयोग से मकान दिलवाते हुए |**

**अप्रेल 2019 से मार्च 2020 तक नारी अदालत में आये कुल केस**

**रजिस्ट्रेशन केसों की संख्या :- 45 निस्तारणकेसों की संख्या :- 22 प्रक्रियांकेसों की संख्या :- 23**

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

राजसमन्द जिले में कार्य कर रही संस्थानों द्वारा मतदान के लिए महिलाओ को जागरूक करके और वोट की अहमियत बनाने के लिए रेली का आयोजन किया गया जिसमें 150 सहभागियों द्वारा भागलिया गया |







**रेली को हरी झण्डी दिखा कर रवाना करते हुए नरेंद्र कुमार जी रेली में नारे लगाती हुई महिलाए**

## जन सरोकार अभियान राजस्थान

25/4/2019 जन सरोकार अभियान राजस्थान ने जन चेतना मतदाता जागरूकता पर नामदेव भवन राजसमन्द मै एक सभा का आयोजन किया ,सभा मै जिले के सामजिक कार्यकर्ता , जागरूक नागरिको ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया |




**हमारा वोट हमारा मुद्दा पर चर्चा करते हुए अरुणा राय**

# महिला हिंसा के खिलाफ रेली





राजसमन्द जन विकास संस्थान एवं महिला मंच ने रैली निकाल सौंपा ज्ञापन

**आम सभा में लोगो को समझाते हुए संयोजिका** **प्रेस विज्ञप्ति**

महिला मंच द्वारा जिला कलेक्टर व् जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया गया जिसके अंतर्गत पीडिता के दोषियों को सख्त से सख्त सजा एवं सरकार द्वारा पुनर्वास और आर्थिक मदद की अपील की गई |



**नारी अदालत की बहनों द्वारा पीडित महिला को ससुराल वाले से बच्चे दिलवाए गए**

## महिला हिंसा के खिलाफ संगोष्टी सभा

**देश में महिलाओं एव बच्चियों पर होने वाली हिंसा के खिलाफ**

राजसमन्द जन विकास संस्थान एवं राजसमन्द महिला मंच के संयुक्त तत्वावधान में जिला परिषद सभागार में वर्तमान में महिलाओं एवं बच्चियों पर अत्याचार और हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है । चारो तरफ फैल रही बलात्कार एवम् महिलाओं पर हिंसात्मक संस्कृती का खात्मा कैसे किया जाये,क्या तरीके अपनाये जाये इस पर**एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया |कार्यक्रम में अतिथियों जिसमे संस्थान ,संगठन ,मिडीया एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ,मीडियाकर्मियों** द्वारा भाग लेकर अपने -अपने विचार व्यक्त किये गए और आगामी रणनीति बनाई गई |





राष्ट्रदूत

'महिला अत्याचार एवं हिंसा के खिलाफ साझे प्रयासों की महत्ती आवश्यकता'

प्रतिरोध सभा          प्रेस विज्ञप्ति

**आगामी रणनीति**

- सभा में आयोजित सभी सहभागियों व् संस्था के लोगो का एक whatsapp ग्रुप बनाना |
- एक बेनर के तले सभी संस्थाओं द्वारा ऐसे हिंसा के मुद्दों पर कार्य करना |
- हिंसा से पीड़ित महिलाओं के सहयोगके लिए एक फोन नम्बर सभी जगह लिखना जिस पर पीड़ित महिला बात कर सके |
- अपने आप को जो जहाँ सुरक्षित समझते है और अगर वहां कोई पीड़ित महिला हो तो उसका सहयोग करना |
- स्कूल में हमें बच्चों की शिक्षा, मानसिकता एवं सुरक्षित स्पर्श व् असुरक्षित स्पर्श की जानकारी देना बहुत जरुरी है |

- मीडियां व् सोशल मिडिया पर महिलाओं के प्रति हास्य व् व्यंग तर्क न करे और टी.वी. सीरियल महिलाओ की स्थति को सुधारे वाला होना चाहिए |
- नेताओं की जन सभाओं में हम अपनी बात रखे और किसी भी अपराधी प्रवर्ती नेता को वोट नहीं दे |
- पुलिस अधिकारी को संस्था का सदस्य बनाना ताकि पीड़ित महिलाओं की सहायता कर सके और सलाह दे सके |
- पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलवाने के लिए पीड़िता के केस का वीडियो केसैट बनाकर पुलिस अधीक्षक के सामने पेश करना है |

## पोधा रोपण कार्यक्रम



**रोटरी क्लब सदस्य द्वारा परिसर में पोधा रोपण करते हुए**

## ग्रामीण एवं शहरी महिलाओं की सरकार के बजट से अपेक्षाएं



**सरकार के बजट से ग्रामीण व् शहरी महिलाओं की उम्मीदों पर चर्चा करते हुए मिडिया प्रभारी राजस्थान पत्रिका**

## मातृ दिवस पर निशुल्क फिजियोथेरपी




**डॉ नेहा पाण्डे द्वारा पीड़िताओं की थैरेपी करते हुए**

राजसमन्द जन विकास संसथान , राजसमन्द महिला मंच एवं श्रीनाथ फिजियोथेरपी एण्ड रिहैबलिटेशन सेन्टर के सयुक्त तत्वाधान में **मदर्स डे** के उपलक्ष्य में निशुल्क फिजियोथेरपी परामर्श शिविर का आयोजन आयोजित किया गया |

**अंतराष्ट्रीय महिला दिवस**

**हमारा संविधान हमारा अधिकार**

राजसमन्द जन विकास संस्थान एवं राजसमन्द महिला मंच तथा जागौरी संस्थान के सयुक्ततत्वाधान में अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस **हमारा संविधान हमारा अधिकार विषय पर मनाया गया इससे पूर्व** पोस्ट कार्ड अभियान का आयोजन किया गया | राजसमन्द जिले के आठ ब्लॉक रेलमंगरा ,खमनोर ,देवगढ़ ,भीम ,आमेट ,राजसमन्द ,कुम्भलगढ़ ,देलवाडा के **56 गाँवो** में यह अभियान चलाया गया | जिसके **अन्तर्गत 2000 महिलाओं,400 पुरुष 435 किशोरी 300** किशोरों ने पोस्टकार्ड के माध्यम से अपनी समस्याएँ बताई गई |



**पोस्ट कार्ड अभियान में अपना योगदान निभाती हुई महिलाऐं**

5 मार्च को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन महिला विकास केंद्र पर किया गया जिसमें पोस्ट कार्ड में आई उन सभी समस्याओं को लेकर 300 महिलाओं द्वारा भाग लिया गया तथा समस्याओं को सम्बंधित अधिकारी के समक्ष रखा गया और समाधान पर चर्चा की गई ||





**अंतराष्ट्रीय महिला दिवस में भाग लेती हुई महिलाए | सवेधानिक अधिकारो की जानकारी देते हुए जिला .**
**. पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव**

**पोस्ट कार्ड में आई महिलाओं की समस्याओं की सूचि तैयार करके मुख्यमंत्री को भेजी गई | साथ ही साथ जिला कलेक्टर तथा सभी ब्लॉक के उपखण्ड अधिकारी, एवं सम्बंधित पंचायत के सरपंचो को भी लिस्ट उपलब्ध करवाई गई है | तथा उसके पश्चात् लॉकडाउन हो गया लॉकडाउन खुलने के बाद प्रतिपुष्टि ( फीडबैक ) लिया गया जिसके अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना , पेंशन ,सड़क ,नालिया आंगनबाड़ी भवन निर्माण , राशन पीने के पानी की व्यवस्था , नरेगा की मजदूरी इत्यादी समस्याओं का समाधान हो गया |**

## जापानी दूतावास कार्यक्रम में आमंत्रित

जापानी दूतावास में आयोजित समारोह में नए जापानी राजदूत सातोशी सुज़ुकी द्वारा राजसमन्द जन विकास संस्थान कि संस्थापिका एवं महिला मंच कि संयोजिका श्रीमती शकुंतला पामेचा को आमंत्रित किया गया था | क्योंकि जापानी दूतावास के द्वारा राजसमन्द जिले में महिला विकास केंद्र भवन बनाने के लिए संस्था को फण्ड प्राप्त हुआ था |श्रीमती शकुंतला पामेचा द्वारा वर्ष 2015 से उसमें विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है इसकी जानकारी प्रदान की गई |



**राजसमन्द जन विकास संस्थान कि संस्थापिका श्रीमती शकुंतला पामेचा द्वारा जापानी दूतावास में आयोजित समारोह में भाग लेते हुए |**

## नेट्वर्किंग

संस्थान & संगठन द्वारा जिला ,राज्य एवं राष्ट्रिय स्तर पर जागोरी ,क्रिया ,चर्खा ,pucl ,अकाउंटबिलीटी इनिशिएटिव सेन्टर फॉंर पॉलिसी रिसर्च , fes ,गर्ल्स नोट ब्राइड ,संस्थाओं के साथ एक नेटवर्क स्थापित किया गया है जिसमें विभिन्न कार्यशालओ एवं प्रशिक्षाओं में कार्यकर्ताओं

## सामूहिक विवाह

संस्था व् संगठन के कार्य क्षेत्र कुम्भलगढ़ की किशोरी बालिकाए प्रेम भील , उषा भील जिनके माता – पिता नहीं थे | उनका विवाह स्वय के खर्चे से दान - दाता महेंद्र कोठारी जी द्वारा करवाया गया |

**विशेष उपलब्धिया**

**वर्ष 1998 से 2020**

| क्र.सं. | गतिविधियों का विवरण | 1998 से 2020 |
|---|---|---|
| 1 | विभिन्न बैठकों के माध्यम से जागरूक किये गए | 2,30412 |
| 2 | विभिन्न प्रशिक्षणों के माध्यम से जागरूक किये गए | 63,043 |
| s3 | सरकारी व् गैर सरकारी योजनाओं से लाभान्वित | 26558 |
| 4 | आजिविका से जोड़ा | 20006 |
| 5 | राशन दुकान ,मिड - डे - मिल , आंगनबाड़ी व्यवस्थाओं को व्यवस्थित करवाया | | 625 |
| 1 | बाल विवाह रुकवाये | 3052 |
| 2 | शिक्षा से जोड़ा | 1872 |
| 3 | अकाल में सहयोग | 2806 |

## संस्थान कि परियोजना द्वारा किये गए कार्यो के आँकड़े

## वर्ष 2015 से 2020

| क्र.सं. | कार्यक्रम | 2015 -2018 | 2019 - 2020 | कुल |
|---|---|---|---|---|
| **1** | **महिला सलाह एवं सुरक्षा केंद्र** | | | |
| **a** | रजिस्ट्रेशन केस संख्या | 815 | 294 | 1109 |
| **b** | निस्तारण केस संख्या | 798 | 289 | 1087 |
| **2** | **जाग्रति परियोजना** | | | |
| **1** | **गाँव बैठक / सहभागी** | 1792/25493 | 334/5868 | 2126/31361 |
| 1 | आमुखीकरण बैठक / सहभागी | 1/300 | 2/289 | 3/589 |
| 2 | युवा बाल वधुओं का स्वास्थ्य प्रशिक्षण / सहभागी | 6/150 | 3/110 | 9/260 |
| 3 | जाति पञ्च प्रशिक्षण / सहभागी | 3/170 | 1/40 | 4/210 |
| 4 | नेतृत्व कर्ता प्रशिक्षण / सहभागी | 5/242 | 1/40 | 6/282 |
| 5 | स्वास्थ्य शिविर / सहभागी | 2/260 | 2/365 | 4/625 |
| 6 | शैक्षणिक अनुदान से बाल - विवाह रोकना | 15 | - | 15 |
| 7 | शिक्षा से जोड़ा (रेग्युलर ,ऑपन स्कूल ) | 1433 | 3 | 1436 |
| 8 | विद्यालय व् विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की जानकारी देकर जागरूक किया | 6300 | - | 6300 |
| 9 | पानी की सुविधा (हेण्डपम्प सही करवाया ) | 7 हेण्डपम्प ,नल ,मोटर | - | 1500 |
| 10 | **गर्ल्स नोट ब्राइड (GNB )** | | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| A | 16 दिवसीय अभियान | 2/7118 | 1/937 | 3/11603 |
| **11** | **हुँकार परियोजना (ACTION AID)** | | | |
| A | मिडिया के साथ कार्यशाला | 1/40 | - | 1/40 |
| B | पुलिस विभाग को डायन प्रताड़ना निवारण अधिनियम पर प्रशिक्षण | 12/259 | - | 12/259 |
| C | राज्यस्तरीय कार्यशाला | 1/80 | - | 1/80 |
| D | किशोरी लिंग - भेद प्रशिक्षण | 2/55 | - | 2/55 |
| E | जनसुनवाई | 1/70 | - | 1/70 |
| F | महिला क्षमता वर्धन प्रशिक्षण | 1/40 | - | 1/40 |
| G | महिला सम्मलेन (डायन कानून ) | 1/70 | - | 1/70 |
| H | मेड बंधी के फोर्म भरवाए | 50 | - | 50 |

## राजसमन्द महिला मंच द्वारा किये गए कार्य

## वर्ष 1998 से 2020

| क्र.सं | कार्यक्रम | 1998 से 2019 | 2019 से 2020 | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | संगठन सदस्य | 8157 | 79 | 8236 |
| 2 | गाँव बैठक / सहभागी | 5674/105179 | 334/5868 | 6008/111047 |
| 3 | ब्लॉक बैठक / सहभागी | 1256/21838 | - | 1256/21838 |
| 4 | महिला सशक्तिकरण दिवस कार्यक्रम | 26/15700 | 1/300 | 27/16000 |
| **5** | **नारी अदालत बैठक** | 312 | 24 | 336 |
| **A** | हिंसा केस रजिस्ट्रेशन | 1928 | 45 | 1973 |
| **B** | सफलतापूर्वक निस्तारण | 1062 | 23 | 1085 |
| 5 | नेतृत्वकर्ता सदस्य | 1983 | 40 | 2023 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 6 | जन सुनवाई | 33/2536 | - | 33/2536 |
| **7** | **खाध्य सुरक्षा** | | | |
| A | विधवा एवं वृध्दा पेंशन योजना | 2309 | 46 | 2355 |
| B | मनरेगा में आवेदन /रसीदे | 21494 /17051 | 89/89 | 21583/17140 |
| C | मनरेगा जॉब कार्ड | 878 | 10 | 888 |
| D | मेट प्रशिक्षण | 23/690 | - | 23/690 |
| E | श्रमिक मेट | 13 | - | 13 |
| F | महिला मेट | 130 | 3 | 133 |
| G | आंगनवाड़ीकेंद्रव्यवस्थित | 171 | - | 171 |
| H | मिड – डे – मिल | 239 | - | 239 |
| I | राशनदुकानव्यवस्थित | 215 | - | 215 |
| **8** | **सरकारी योजनाओं से लाभान्वित** | | | |
| A | पालनहार योजना से जोड़ा | 170 | 3 | 173 |
| B | BPL में नाम जोड़ना | 680 | - | 680 |
| C | अन्त्योदय में नाम जोड़ना | 11 | - | 11 |
| D | प्रधानमंत्री आवास योजना में मकान के पट्टे दिलवाए | 101 | - | 101 |
| E | विधवा पुत्री विवाह | 59 | 2 | 61 |
| F | विभिन्न प्रमाण पत्र | 2419 | - | 2419 |
| G | प्रधानमंत्री आवास योजना | 157 | - | 157 |
| H | मुख्यमंत्री आवास योजना | 46 | - | 46 |
| I | अन्नपूर्णा योजना से फायदा | 94 | | 94 |
| **9** | **बाल - विवाह** | | | |
| A | बाल - विवाह रोके( समूह | 341 | 6 | 347 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | मुख्या,कार्यकर्ता,प्रशासन,पण्डित ,जाति पांचो ) | | | |
| B | शपथ - पत्र भरवाए / बच्चो की संख्या | 620/1180 | - | 620/1180 |
| C | शैक्षणिक अनुदान से बाल - विवाह रोकना | 421 | - | 421 |
| **10** | **अकाल में सहयोग** | | | |
| a | कर्ज से माफ़ी | 1046 | - | 1046 |
| b | प्रशिक्षण | 1/200 | - | 1/200 |
| c | बीज वितरण | 499 | - | 499 |
| d | मेड बंदी | 480 | - | 480 |
| e | हेण्डपम्प | 12 | - | 12 |
| f | पानी की व्यवस्था टेंकर द्वारा | 552 | - | 552 |
| g | कुए गहरे करवाए | 7 | - | 7 |
| H | जे.के.द्वारा अकाल में पशुओं के लिए प्याओ बनवाना | 10 | - | 10 |
| **11** | **आय संवर्धन में सहयोग** | | - | |
| A | प्रशिक्षण / सहभागी | 54/1960 | - | 54/1960 |
| B | आशा योजना में चयन | 28 | - | 28 |
| C | आंगनबाड़ी कार्यकर्ता चयन | 10 | - | 10 |
| D | महिला किसान आजीविका (कियावास ,सासेरा ) | 118 (परिवार ) | - | 118(परिवार**708**) |
| E | आंगनबाड़ी सहायिका चयन | 9 | - | 9 |
| F | श्रमिक मेट | 13 | - | 13 |
| G | महिला मेट | 130 | 3 | 133 |
| H | मनरेगा से लाभान्वित | 17051 | 89 | 17140 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| I | यशोदरा योजना | 5 | - | 5 |
| **12** | **प्रशिक्षण** | | | |
| A | पुलिस विभाग को महिला हिंसा डी.वि.एक्ट पर प्रशिक्षण | 1/49 | - | 1/49 |
| B | क़ानूनी जानकारी प्रशिक्षण /सहभागी | 61/ 6110 | - | 61/ 6110 |
| C | स्वास्थ्य शिविर | 82/26140 | - | 82/26140 |
| D | जाति पञ्च प्रशिक्षण / सहभागी | 325/6862 | - | 325/6692 |
| E | नेतृत्व कर्ता प्रशिक्षण / सहभागी | 70/2184 | - | 70/2184 |
| 13 | अन्य | | | |
| B | रेडक्रास सोसायटी ( राजसमन्द ) काम्बले वितरण | 35 | - | 35 |